| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्यरा जज<br>राजस्व वाद 189/2025<br>अनवान् आसुराम वगैरा बनाम तहसीलदार गिड़ा | नं. व तारीख अहकामजो इस हुक्म की तामिलमेंजारीहुए |
|---|---|---|
| 16.02.26 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण वकील उपस्थित। तहसीलदार गिड़ा से प्राप्त मौका रिपोर्ट पर वादीगण वकील की बहस सुनी गई। प्रार्थीगण वकील तहसीलदार गिड़ा से प्राप्त मौका रिपोर्ट पर सहमत है। अतः प्रार्थीगण का आवेदन पत्र तहसीलदार गिड़ा से प्राप्त मौका रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाता है। निर्णय से पृथक से लिखा जाकर, शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शूमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।<br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2026.02.27 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु

पीठासीन अधिकारीः— कल्पित शिवरान आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या— 189 / 2025

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. आसुराम पुत्र पूनमाराम<br>2. पुनमाराम पुत्र भीमाराम<br>3. मगीदेवी पत्नी मनोज कुमार<br>4. मनोज कुमार पुत्र पुनमाराम<br>5. समदा पत्नी आसुराम जाति जाट निवासी खुमाणियों की ढाणी, सवाउ पदमसिंह तहसील गिड़ा | | 1. तहसीलदार, गिड़ा |

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956.

## आदेश

दिनांक :—16.02.2026

उपस्थिति :—

1. अधिवक्ता श्री जगदीश गोदारा प्रार्थीगण की ओर से

प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 का प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी की भूमि मौजा खुमोणियों की ढाणी पटवार मण्डल सवाउ पदमसिंह तहसील गिड़ा के मूल खसरा नम्बर 305 रकबा 155 बीघा की आई हुई है। उक्त मूल खसरे की शामलाती भूमि में से प्रार्थीगण व अन्य सहखातेदारों द्वारा दिनांक 23.12.2004 को 2 बीघा भूमि समर्पण करवाई गई। मूल खसरे का विभाजन होने के बाद वर्तमान खसरा नम्बर 387 / 372 रकबा 8.5182 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण के हिस्से में है और समर्पण भूमि खसरा नम्बर 371 / 305 उक्त प्रार्थीगण के खसरों के बीच में आई हुई है। प्रार्थीगण ने अपने खेत मूल खसरा नम्बर 305 में से 02 बीघा भूमि समर्पण के लिए संलग्न नजरी नक्शा परिशिष्ट अ के अनुसार राज्य सरकार के पक्ष में समर्पित करवाई गई। लेकिन समर्पित भूमि खसरा नम्बर 371 / 305 की तरमीम करते समय नजरी नक्शा परिशिष्ट अ से भिन्न स्थान पर तरमीम कर दी गई। जिसमें प्रार्थीगण की ढाणी व टांके बने हुए है। अत : प्रार्थीगण द्वारा आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट अ में दर्शाये अनुसार खसरा नम्बर 371 / 305 की तरमीम दुरस्ती हेतु यह आवेदन पेश किया गया।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर, तहसीलदार, गिड़ा से मौका रिपोर्ट प्राप्त की गई।

प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई एवं तहसीलदार गिड़ा द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार, गिड़ा द्वारा मौका रिपोर्ट के संलग्न परिशिष्ट ब के अनुसार तरमीम शुद्व करने की अनुशंषा की गई है। प्रार्थीगण अधिवक्ता तहसीलदार गिड़ा से प्राप्त मौका रिपोर्ट से सहमत है। लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र तहसीलदार गिड़ा द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर ग्राम खुमोणियों की ढाणी पटवार मण्डल सवाउ पदमसिंह तहसील गिड़ा के खसरा संख्या 371 / 305 रकबा 03237 की नक्शा में विद्यमान वर्तमान तरमीम को निरस्त करते हुए तहसीलदार गिड़ा द्वारा मौका रिपोर्ट के संलग्न परिशिष्ट ब के अनुसार दुरुस्त करने के आदेश दिये जाते है। जरिये पत्र कमांक–भू.अ. / 2025 / 1819 दिनांक 04.11.2025 तहसीलदार गिड़ा द्वारा प्रेषित परिशिष्ट ब इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार गिड़ा आदेशानुसार तरमीम दुरस्त करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2026.02.27 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 16.02.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

(कल्पित शिवरान)
उपखण्ड अधिकारी, बायतु
सहायक कलक्टर (SDO)
बायतु

तरमीम इकली प्रस्तावित नक्शा

राजस्थान सरकार | NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एवं जमाबंदी(प्रतिलिपि) | दिनांक : 04/10/2025 08:38:43 AM


जिला : बालोतरा | तहसील : गिडा | भू. अ. नि. क्षेत्र : सवाऊ पदमसिंह

पटवारी हल्का : सवाऊ पदमसिंह | ग्राम : खुमाणियों की ढाणी

रा. आवेदन 189/2025

दिनांक: 15.10.2025

परिशिष्ट 'ब'




तहसीलदार भू. अ. गिड़ा

खसरा संख्या :387/372 क्षेत्रफल : 8.5182 Hectare खाता संख्या : 60पुराना खाता संख्या :53

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.सोयम [ 8.5182, 3.15 ]

1.) आसुराम डऊकिया पुत्र पूनमाराम डऊकिया हिस्सा- 4197/56788 जाति- जाट मकान संख्या- 0, कॉलोनी- खुमाणियों की ढाणी, क्षेत्र/स्थान- खुमाणियों की ढाणी, शहर- गिडा , पिन कोड- 344037, ज़िला - BARMER,राज्य- RAJASTHAN खातेदार

2.) पूनमाराम पुत्र चीमाराम हिस्सा- 1/2 जाति- जाट सा. देह खातेदार

3.) मगीदेवी पत्नि मनोजकुमार हिस्सा- 2500/14197 जाति- जाट सा. देह खातेदार

4.) मनोज कुमार पुत्र पूनमाराम हिस्सा- 4197/56788 जाति- जाट मकान संख्या- 0, कॉलोनी- खुमाणियों की ढाणी, क्षेत्र/स्थान- खुमाणियों की ढाणी, शहर- गिडा , पिन कोड- 344037, ज़िला - BARMER,राज्य- RAJASTHAN खातेदार

5.) समदा पत्नि आसूराम हिस्सा- 2500/14197 जाति- जाट सा. देह खातेदार

Suman 15/10/25

पटवारी (भू.अ.) सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा (बालोतरा)

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

Signature Not Verified

Digitally signed by Kalpit Shivran
Date: 2026.02.27 12:55:28 IST
Reason: SelfAttested

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें।

ILR सवाऊ पदमसिंह

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु